भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1270
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राष्ट्रीय राजमार्गों पर अभिघात केंद्र

1270. श्री पी.पी. चौधरी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजस्थान में, विशेषकर पाली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमागों के किनारे स्थापित अभिघात केंद्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का राज्य में और अधिक अभिघात केंद्र स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा एक व्यापक डेटाबेस के निर्माण हेतु किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012) के दौरान ''राष्ट्रीय राजमार्गों पर सरकारी अस्पतालों में ट्रॉमा परिचर्या सुविधा केंद्र के विकास हेतु क्षमता निर्माण संबंधी सहायता'' नामक योजना के अंतर्गत राज्यों से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर बारां, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, भीलवाड़ा, अजमेर, जयपुर, कोटपुतली, सिरोही और डूंगरपुर प्रत्येक में एक-एक ट्रॉमा परिचर्या सुविधा केंद्र स्थापित करने के लिए अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों में 10 ट्रॉमा परिचर्या सुविधा केंद्रों को मंजूरी दी गई थी। 12वीं पंचवर्षीय योजना के बाद, इस योजना के अंतर्गत नए ट्रॉमा परिचर्या सुविधा केंद्रों की पहचान करने का कोई प्रावधान नहीं है और वित्तीय सहायता 11वीं और 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान मंजूरी की गई सुविधाओं की कुल अनुमोदित लागत के भीतर केन्द्रीयसहायता के शेष अंशदान को जारी करने के संदर्भ में है।

सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के परिवहन अनुसंधान स्कंध, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पुलिस विभागों से कैलेण्डर वर्ष के आधार पर सड़क दुर्घटना के आंकड़े एकत्र करता है और 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं' के वार्षिक प्रकाशन में प्रकाशित करता है। विवरण निम्नलिखित लिंक https://morth.nic.in/road-accident-in-india पर उपलब्ध है।

*****